दैनिक

# मीडिया फॉर यू

जनता की आवाज

प्रकाशन के 09 वर्ष

RNI: UPHIN/2015/65169

बुधवार 17 अप्रैल 2024

वर्ष : 09, अंक : 83

पृष्ठ : 04 मूल्य : 02 रुपया

गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित

Email:- m4unews@gmail.com 8445657566




दूरसंचार विभाग यानी बीएसएनएल... 4

## 500 साल बाद अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे श्री रामलला: योगी

**बिजनौर/शामली/सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कल (बुधवार) रामनवमी का दिन है यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है और 500 साल बाद पहली बार श्री रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में नहटौर,कैराना के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में शामली में आयोजित अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

सहारनपुर में मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने नवरात्र की अष्टमी के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। उन्होंने कहा कि सही दिशा में किया गया एक वोट तस्वीर और तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) दलदल में डूबे दल हैं और उन्हें अच्छाई से नफरत है। उन्होंने कहा कि ये तीनों दल माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, उनका महिमा मंडन करते हैं, उनके घरों में जाकर



फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के शब्द तक नहीं निकलते।

उन्होंने कहा, हम आम नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य करते हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं और वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं, इसलिए उन्हें दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। शामली की सभा में योगी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि देश में जब अच्छी सरकार आती है तो अच्छे निर्णय लेती है। वहीं कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का अपमान किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी इससे भी आगे है, वह माफिया और अपराधियों के मरने पर फातिहा पढ़ने जाते हैं। आप अपने वोट से उनका (सपा) फातिहा पढ़ा दीजिये, जो उनको सही जगह पहुंचा देगा। योगी ने कहा, कैरानावासियों को जिन लोगों ने पलायन के लिए मजबूर किया था, आज हमने उनका धरती से पलायन कर दिया है। अब यहां पर कोई पलायन नहीं करा सकता है। हम यहां की पहचान से किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं दे सकते हैं। सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में उत्साहित भीड़ ने उनके सामने बोला- अबकी बार 400 पार और 19 को मतदान केंद्र जाएंगे- इस बार भाजपा का कमल खिलाएंगे। सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्यमंत्री के रोड शो के पूरे रास्ते में ह्यजयश्री रामह्ण की जय घोष होती रही। भाजपा प्रदेश मुख्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों ने योगी आदित्यनाथ का जोरदार अभिवादन किया। भगत सिंह चौक से प्रारंभ हुए रोड शो में योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को लोग बेताब दिखे। आम लोगों ने मोदी-योगी का कटआउट हाथ में ले रखा था। सड़कों के दोनों पर ओर खड़े लोगों ने योगी पर पुष्पवर्षा की तो छतों पर खड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री योगी का अभिवादन किया। सहारनपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ब्रजेश सिंह और जसवंत सैनी भी इस रोड शो में शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी, सबको बीजेपी ने दिया आरक्षण, पथराव-गोलीबारी गुजरे वक्त की बात, जम्मू में बोले अमित शाह

**जम्मू एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज पलौरा, जम्मू में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि'कश्मीर से कन्याकुमारी तक जनता की एक ही पुकार... फिर एक बार मोदी सरकार। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जम्मू में चुनावी रैली में कहा कि भाजपा लोगों का दिल जीतने में विश्वास रखती है। मोदीजी ने न केवल फर्जी मुठभेड़ों पर पूर्ण विराम लगाया है, बल्कि आतंकवाद का खात्मा भी किया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा को कोई जल्दी नहीं है, वह जानती है कि घाटी में कमल (पार्टी का चुनाव चिह्न) अपने आप खिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर में लोगों से कांग्रेस, नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी को वोट नहीं देने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने उनका शोषण किया है। स्थानीय कैंडीडेट को वोट देने की अपील के साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी ने गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी, दलित और महिलाओं- सबको आरक्षण देने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं के हाथ में अब पत्थर की जगह लैपटॉप है। धारा 370 के मनहूस साये के समाप्त होने से आज कश्मीर में आतंकवाद अपनी अंतिम साँसे गिन रहा है। मैं घाटी के मेरे बहनों-भाइयों से कहना चाहता हूँ, हमें कोई जल्दी नहीं, जब आपका प्यार मिलेगा, तब घाटी में कमल जरूर खिलेगा। श्यामा प्रसाद जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के नारे को हमने पूरा किया।

### बसों-टैक्सियों के डैशबोर्ड पर लगेगी ड्राइवर के परिवार की तस्वीर, रुकेंगे सड़क हादसे




**लखनऊ एजेंसी।** सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग ने नई तरकीब निकाली है। बसों, टैक्सियों आदि वाहनों में ड्राइवर के सामने डैशबोर्ड पर उसके परिवार की फोटो लगाई जाएगी। ताकि वह रफ्तार पर नियंत्रण रखे और हादसों पर अंकुश लग सके। दरअसल परिवहन विभाग के अफसरों को ऐसा लगता है कि फैमिली फोटो सामने होने पर ड्राइवर तीव्र गति से वाहनों को नहीं चलाएंगे। यह कवायद कितनी कारगर साबित होगी, यह देखना दिलचस्प होगा। दरअसल परिवहन विभाग हादसे रोकने के लिए सड़क सुरक्षा फंड से पैसे पानी की तरह पैसे बहा रहा है। जागरूकता व प्रवर्तन दस्तों की कार्रवाई से हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार मोटर कैब, मैक्सी, कैब, बस सहित सभी वाहनों में लिए यह अनिवार्य किया गया है। विभागीय अधिकारियों को उम्मीद है कि ऐसा करने से वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करेंगे, क्योंकि वह अपने परिवार के बारे में भी सोचेंगे और इससे हादसे रुक सकेंगे।

उन्होंने बताया कि बीती नौ अप्रैल को प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर बैठक हुई थी। इसमें पुलिस महानिदेशक (सड़क सुरक्षा एंव यातायात) ने बताया कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक वाहनों में चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भावनात्मक रूप से संवदेनशील बनाए जाने के उद्देश्य से चालक के परिवार की तस्वीर सीट के सामने लगाने की पहल शुरू हुई। इससे हादसों में कमी भी आई। अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि वर्ष 2022 में प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में 22,595 लोगों की मौत हुई थी, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 23,652 पहुंच गया। साल 2022 की तुलना में यह 4.7 प्रतिशत अधिक है।

## गुजरात के लिए आप ने जारी किया स्टार प्रचारकों की सूची, भगवंत मान से ऊपर सुनीता केजरीवाल का नाम




नई दिल्ली एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मंगलवार को जारी हुई आम आदमी पार्टी (आप) के स्टार प्रचारकों की सूची में दूसरे नंबर पर रखा गया है। पहले पर अरविंद केजरीवाल का नाम है जबकि तीसरे नंबर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम है। आम आदमी पार्टी की स्टार प्रचारकों की सूची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के लिए है। गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से, पार्टी विपक्षी इंडिया गुट के हिस्से के रूप में भरूच और भावनगर में लड़ रही है, जबकि कांग्रेस शेष 24 सीटों पर लड़ेगी।

आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में मनीष सिसोदिया, संदीप पाठक, पंकज गुप्ता, संजय सिंह, गोपाल राय, राघव चड्ढा, आतिशी, सौरभ भारद्वाज का भी नाम शामिल है जो लगातार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा गुजरात के क्षेत्रीय नेताओं को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसमें गोपाल इटालिया और इसुदान गढ़वी का नाम शामिल है। 21 मार्च को उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद से सुनीता केजरीवाल ने अअढ, विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया ) के नेताओं के साथ बैठकें की हैं और अरविंद केजरीवाल की ओर से वीडियो संदेश जारी किए हैं।

2020 के विधानसभा चुनाव में, सुनीता केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया, जहां मुख्यमंत्री तीसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे। मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन के भी सलाखों के पीछे होने से, आप को ऐसे नेताओं के संकट का सामना करना पड़ रहा है जो 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार कर सकें। आप दिल्ली में चार, पंजाब में 13, हरियाणा में एक, गुजरात और असम में दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## कृष्णा जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में हिंदू पक्ष की बहस शुरू, अगली सुनवाई 22 को

**प्रयागराज एजेंसी।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मंगलवार को हिंदू पक्ष ने अपनी बहस शुरू की और सुनवाई के बाद अदालत ने अगली तिथि 22 अप्रैल, 2024 तय की। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन द्वारा की जा रही है।



हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने मंगलवार को कहा कि यह वाद पोषणीय है और पूजा स्थल अधिनियम एवं वक्फ अधिनियम के संबंध में अर्जी पक्षों के साक्ष्यों से ही निर्धारित हो सकती है। जैन ने कहा कि महज यह कहने से कि वहां एक मस्जिद है, वक्फ अधिनियम लागू नहीं होगा। संपत्ति का धार्मिक चरित्र महज ढांचे को ध्वस्त कर बदला नहीं जा सकता, यह देखना जरूरी है कि क्या कथित वक्फ विलेख (डीड) वैध है या नहीं। ये सभी चीजें मुकदमे में देखी जानी चाहिए और मौजूदा वाद पोषणीय है।

समय सीमा की बाध्यता के सवाल पर उन्होंने कहा कि मौजूदा वाद समय सीमा के भीतर दाखिल किया गया है। वर्ष 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है। इसके साथ ही यदि सेवायत या ट्रस्ट लापरवाह है और अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है तो देवता अपने अगले मित्र के जरिए आगे आ सकते हैं और वाद दायर कर सकते हैं और ऐसे में समय सीमा का सवाल ही नहीं उठता।

इससे पूर्व, मुस्लिम पक्ष की ओर से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए जिरह आगे बढ़ाते हुए अधिवक्ता तस्लीमा अजीज अहमदी ने कहा था कि मौजूदा वाद समय सीमा बीत जाने के बाद दायर किया गया है। अहमदी ने आगे दलील दी थी कि यह वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किया गया है। वाद में की गई प्रार्थना दशार्ती है कि वहां मस्जिद का ढांचा मौजूद है और उसका कब्जा प्रबंधन समिति के पास है।

मुस्लिम पक्ष की वकील ने दलील दी कि, ह्लइस प्रकार से वक्फ की संपत्ति पर एक सवाल/विवाद खड़ा किया गया है और वक्फ कानून के प्रावधान लागू होंगे और इस तरह से इस मामले में सुनवाई वक्फ अधिकरण के न्याय क्षेत्र में आता है ना कि दीवानी अदालत के अधिकार क्षेत्र में।

## अगर बीजेपी लोकसभा चुनाव जीत गई तो मछली खाने पर रोक लगा देगी: अभिषेक बनर्जी

**कूच बिहार (पश्चिम बंगाल)।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगर लोकसभा चुनाव जीत जाती है तो वह मछली खाने पर रोक लगा देगी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कूच बिहार में पार्टी उम्मीदवार जगदीश चंद्र बर्मा बासुनिया के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि भाजपा अगर जीत गई तो राज्य सरकार की महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण योजना लक्ष्मीर भंडार को भी रोक देगी।



बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मछली खाने वालों को राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी कह रहे हैं। हम मछली खाते हैं, तो क्या हम सब राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी हैं? मैं आपको आगाह करना चाहता हूं कि अगर भाजपा उम्मीदवार निशीत प्रमाणिक यहां से जीत जाते हैं तो वह मछली खाने पर रोक लगा देंगे और लक्ष्मीर भंडार को समाप्त कर देंगे। मोदी ने पिछले सप्ताह जम्मू कश्मीर के उधमपुर में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष हमला करते हुए आरोप लगाया था कि विपक्ष के नेता मुगलों वाली मानसिकता दर्शा रहे हैं और सावन के पवित्र महीने में मांस खाने के वीडियो डालकर लोगों को चिढ़ा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कूच बिहार सीट पर वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक के खिलाफ बासुनिया को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बनर्जी ने आशंका जताई कि बुधवार को पहले चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भाजपा लोगों के वोट खरीदने के लिए उन्हें पैसे बांटना शुरू कर देगी। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने लोगों को सलाह दी कि वे भाजपा के पैसे लेने से इनकार न करें, बल्कि उस पार्टी के नेताओं से झूठा वादा करके इसे रख लें कि वे उसके ही उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालेंगे। उन्होंने कहा, अगर वे आपको 500 रुपये देना चाहते हैं तो दोगुने पैसे मांगना। यह आपका पैसा है। बनर्जी ने कहा, बड़े फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न कमल) वालों से पैसे लें और दो फूल (तृणमूल कांग्रेस का चुनाव चिह्न-घास के साथ दो फूल) के लिए वोट डालें।

## लोकसभा चुनाव से पहले कांकेर में मुठभेड़, 29 नक्सली ढेर, तीन जवान भी घायल

**कांकेर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान कम से कम 29 माओवादी मारे गए और कम से कम तीन जवान घायल हो गए। यह घटना 2024 के लोकसभा चुनाव शुरू होने से कुछ दिन पहले की है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आईके एलेसेला ने कहा कि इलाके में मुठभेड़ अभी भी जारी है। कांकेर में 26 अप्रैल को मतदान होना है। एसपी इंद्र कल्याण एलिसेला ने मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है, जिसमें शंकर राव नामक प्रमुख नक्सली कमांडर भी शामिल है। उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम था। इसके अतिरिक्त,



ऑपरेशन के दौरान चार एके-47 राइफलों सहित हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया गया है...मैं सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देना चाहता हूं...हम सभी सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हमें मार्गदर्शन दे रहे हैं। जो भी जरूरी होगा वो किया जाएगा। कोई ढिलाई नहीं होगी। आने वाले समय में नक्सल मुक्त बस्तर के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे...सरकार बातचीत के लिए तैयार है। बातचीत और चर्चा से समाधान निकलना चाहिए और बस्तर में शांति होनी चाहिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में दोपहर करीब 2 बजे गोलीबारी हुई, जब सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि कांकेर के छोटेबेठिया में मुठभेड़ स्थल से 18 नक्सलियों के शव बरामद हुए। ऑपरेशन में 3 जवान घायल हो गए। सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसे इलाके के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक के रूप में देखा जा सकता है। वरिष्ठ नक्सली शंकर, ललिता, राजू की मौजूदगी की सूचना के बाद ऑपरेशन चलाया गया।

## सम्पादकीय

# संकल्प के सवाल

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर ह्यमोदी की गारंटीह्ल का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

# राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे



**प्रो. संजय द्विवेदी**
(लेखक भारतीय जन संचार संस्थान (आ-ईआईएमसी) के महानिदेशक रहे हैं।)

> आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे।



इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे।

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

**मूल्यों पर 'अटल' रहने वाले 'वाजपेयी'**

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत' समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबन्धु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

**भाजपा हो या कांग्रेस, सबने दिये मौके**

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। 'ऑर्गनाइजर' के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया।

**भाषाई पत्रकारों को भी मिले अवसर**

तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार 'सन्मार्ग' के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आए। हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गए अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन 'पंजाब केसरी' के माध्यम से की गई उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है। 'इकोनॉमिक टाइम्स' में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में है और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक 'हरिभूमि' के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफजल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से 'वार्ता' के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आए। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के. केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आए, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके।

राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनाई। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरा भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, "पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए।" किंतु यह लक्ष्मण रेखा भी टूट रही है। क्यों इस पर सोचिए जरूर।

# मुरादाबाद में अंदरूनी कलह के चलते ढह सकता है सपा का मजबूत दुर्ग

> “ मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। ”

लोकसभा चुनाव के लिये प्रथम चरण के मतदान में गिनती के दिन शेष बचे है, ऐसे में मुरादाबाद लोकसभा सीट की लड़ाई दिन पर दिन और दिलचस्प होती जा रही है। कहानी में ताजा मोड़ तब आया जब समाजवादी पार्टी (सपा) जो पहले उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस से जूझ रही थी। मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को लेने के बाद सपा के भीतर भड़क उठी थी, जिन्हें जेल में बंद पार्टी नेता और कद्दावर नेता आजम खान की पसंद के रूप में देखा जाता है। पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुस्लिम सपा का एक प्रमुख वोट बैंक है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। 2014 में, कुमार ने एसटी हसन को 87,000 से अधिक वोटों से हराकर मुरादाबाद जीता था। 2019 में, परिणाम बिल्कुल विपरीत था, कुमार इस बार हसन से लगभग 97,000 वोटों से हार गए, संभवत मुस्लिम वोटों के एकीकरण के कारण क्योंकि एसपी और बीएसपी गठबंधन में थे।

बहरहाल, 1992 में अपनी स्थापना के बाद से, सपा ने हमेशा इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि बनिया वीरा को मैदान में उतारने से उसे कुछ उच्च जाति के वोट हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे मुस्लिम समर्थकों के बीच विभाजन की



संभावित हानि को रोका जा सकेगा। सपा को वीरा से हसन की नाराजगी और मुस्लिम वोटों के बंटवारे के अलावा मुरादाबाद में अपनी सहयोगी कांग्रेस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने वीरा पर खराब रवैया रखने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह चुनाव से तटस्थ रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि वह (वीरा) चाहती थी कि मैं उसकी गुलामी करूं। मुझे वह पसंद नहीं आया. हालाँकि मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूँ, लेकिन मैं उसका समर्थन भी नहीं कर रहा हूँ।ह्व

उधर, वीरा के प्रतिनिधि सुनील भारद्वाज ने कहा कि सपा और कांग्रेस संगठनों के बीच अच्छा समन्वय है। ह्लमुरादाबाद एक बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है और चुनाव प्रचार जारी है। हर किसी को समय देना कठिन है। हो सकता है कि किसी को ठेस पहुंची हो लेकिन यह उसकी ओर से पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा। उन्होंने डॉ हसन से भी संपर्क करने की कोशिश की और उनके आवास पर गईं, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रचार के दैनिक कार्यक्रम पहले से साझा किए जाते हैं।

बहरहाल, कांग्रेस नेता रिजवान का वीरा के खिलाफ खुला ऐलान जमीन पर सपा और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच समन्वय और संवाद की कमी वाली तस्वरी पेश कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इस बात से इनकार किया कि उनकी ओर से कोई विरोध हुआ है, उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रमों के बारे में एसपी की ओर से कोई सूचना नहीं होने के बाद भी पार्टी नेता खुद को अभियान में शामिल कर रहे हैं। हालाँकि, हसन के नर्सिंग होम से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर शहर के कचहरी इलाके में राय विभाजित है। एक व्यापारी मोहम्मद जमील ने कहा कि वह हसन को हटाने के एसपी के फैसले से खुश हैं। ह्लवह बहुत विनम्र हैं लेकिन पुलिस मामलों में गरीब लोगों की मदद करने के लिए अपने रास्ते से बाहर नहीं जाते हैं। वहीं वीरा भी इस सिलसिले में एक्टिव हैं। पिछले शुक्रवार को वह मुसलमानों से मिलीं, जो अलविदा-की-नमाज (रमजान के आखिरी शुक्रवार की प्रार्थना) अदा करने के बाद जामा मस्जिद से बाहर आ रहे थे और उन अधिकारियों से भिड़ गईं जो हमें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। वह हमारे लिए लड़ सकती हैं। स्थानीय लकड़ी व्यापारी शमशुद्दीन ने दावा किया कि हसन ने विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कभी भी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा नहीं की। वह चाहते हैं कि मुरादाबाद में (आम आदमी पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जैसा कोई नेता हो, जो हमें सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं दिलाने में मदद कर सके। शम्सुद्दीन ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार से कोई वास्तविक समस्या नहीं है। ह्लमैं सुरक्षित महसूस करता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था पर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को सस्ती बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी सोचना चाहिए। शमशुद्दीन के पड़ोसी शारिक जावेद जिले में अपने सबसे बड़े नेता एसटी हसन को सपा द्वारा हटाए जाने से नाराज हैं और उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बंट जाएगा। सपा के एक जिला पदाधिकारी ने भी जावेद के विचारों से सहमति जताई। नेता ने कहा कि चूंकि हसन की जगह एक हिंदू उम्मीदवार को लाया गया है, इसलिए समुदाय का एक वर्ग सैफी को पसंद करेगा।

बात बीजेपी की कि जाये तो पिछले साल अगस्त में, आदित्यनाथ सरकार ने 1980 में मुरादाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों पर जस्टिस एमपी सक्सेना आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया, जिसकी विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसने भाजपा पर सीट पर चुनाव का धुव्रीकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बात दें 13 अगस्त, 1980 को मुरादाबाद शहर की एक ईदगाह में एक सुअर के घुसने के बाद दंगे भड़क उठे थे। मुसलमानों और पुलिस के बीच हुए विवाद और पुलिस गोलीबारी में कई मुसलमानों की मौत हो गई थी। यह घटना तब हुई जब उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों में क्रमशः वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थीं। नवंबर 1983 में इसकी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई थी, लेकिन अब सार्वजनिक हुई रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, हिंसा में भाजपा, आरएसएस और पुलिस सशस्त्र कांस्टेबुलरी की कोई भूमिका नहीं थी। रिपोर्ट में आईयूएमएल नेता शमीम अहमद और एक हामिद हुसैन को दोषी ठहराया गया है। जमीनी स्तर पर यह रिपोर्ट बमुश्किल ही हलचल पैदा करती है। हिंसा के केंद्र ईदगाह में बैठे 82 वर्षीय महमूद ने बताया कि इतने वर्षों बाद भी नई पीढ़ी इस घटना से अनजान है। ह्लरिपोर्ट को सार्वजनिक करके, भाजपा संभवतः चुनाव को सांप्रदायिक बनाना चाहती है। लेकिन इसकी जरूरत नहीं थी क्योंकि यहां चुनाव हमेशा धार्मिक आधार पर लड़े जाते रहे हैं। ईदगाह के सामने कपड़े की दुकान चलाने वाले हरीश शर्मा ने भी कहा कि भाजपा को इस रिपोर्ट से कुछ हासिल नहीं होगा। नए मतदाताओं ने केवल हिंदू-मुस्लिम सद्भाव देखा है। मुझे नहीं लगता कि कोई मतदाता रिपोर्ट के कारण अपना मन बदलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने इन आरोपों से इनकार किया कि रिपोर्ट पार्टी के अभियान का हिस्सा थी। उनका कहना था हम रिपोर्ट पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। सब जानते हैं कि दंगा किसने भड़काया। यह घटना मुरादाबाद पर एक धब्बा थी। उन्होंने स्वीकार किया कि युवा लोगों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति को मुस्लिम समाज कर रहा है अधिक से अधिक समर्थन



**मीडिया फॉर यू, भारतवीर प्रजापति**

**मुजफ्फरनगरः** लोकसभा बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ने ग्राम लोई में रोड शो किया और बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति को मिल रहा है क्षेत्र में मुस्लिम समाज का अधिक से अधिक समर्थन कर समाज के लोग दारा सिंह प्रजापति को दे रहे हैं अपना भारी समर्थन रोड शो के दौरान क्षेत्रीय व्यक्तियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान सभी लोगों ने समर्थन देते हुए अपना आशीर्वाद दिया. इस दौरान सभी लोगों ने एकजुट होकर पूर्ण बहुमत से बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर आप सभी लोगों से मिले स्नेह एवं समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और अपील करता हूं कि 19 अप्रैल को हाथी के सामने वाला बटन दबाकर मुझे भारी मतों से विजयी बनाएं आपका अपना प्यार प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति

लोकसभा प्रत्याशी मुजफ्फरनगर आज दर्जनों गांव की जनसंपर्क अभियान में हजार लोग उपस्थित रहे

### पूर्व ब्लाक प्रमुख सलमान जैदी ने भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के लिए किया क्षेत्र में जनसंपर्क



**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर** चरथावल ब्लॉक क्षेत्र में चरथावल कस्बे मे शाहनवाज भाई के ऑफिस पर जाकर पर ब्लॉक प्रमुख सलमान जैदी ने भाजपा प्रत्याशी डा संजीव बालियान के पक्ष में मुस्लिम से वोट डालने की अपील की आज क्षेत्र के दर्जनों गांव में पूर्व ब्लाक प्रमुख के द्वारा जनसंपर्क किया गया चरथावल में फरमान राणा लोहारी खुर्द में मुस्लिम गुर्जरों से जनसंपर्क क्षेत्र में जनसंपर्क किया चरथावल में अरशद प्रधान, अन्य लोगों से जनसंपर्क किया आज साथ में सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित रहे

# अधिकारियों ने की निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर में माननीय प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त ए०आर०ओ० एवं सी०ओ० पुलिस के साथ मतदान से 72 घंटे पूर्व की निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

बैठक के दौरान माननीय प्रेक्षकों ने जिले भर में चुनाव तैयारियों का आकलन करने और गतिविधियां बढ़ाने के लिए घनिष्ठ समन्वय स्थापित करने के साथ कार्य करने के निर्देश दिए उन्होंने सभी प्रभारी एवं प्रभारी निर्वाचन को आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वयन व्यय निगरानी सुरक्षा योजना परिवहन और संचार योजना और वीएसटी और उड़नदस्तों के कामकाज सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए मा0 भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरत अनुपालन करने के निर्देश दिए माननीय प्रेक्षकों ने दोनों लोकसभा के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों से जिले में अब तक लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि अधिकारी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की संपूर्ण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में संपन्न कराएं और कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी ए०आर०ओ० एवं सी०ओ० पुलिस पूरी सजगता तत्परता और लगन से समन्वय बनाकर कार्य करें मा0 प्रेक्षकों ने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया में सभी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिये तथा कहा कि निर्वाचन आयोग पूरी तरह से निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने अथवा निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी तरह का व्यवधान पैदा करने




वालों सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अफवाह भ्रामक टिप्पणी करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी

उन्होंने अलग-अलग कार्यों के लिए निर्वाचन संबंधी सभी कन्ट्रोल रूम प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बंधित टीम के नोडल अधिकारी अपने टीम के साथ पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें और कन्ट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरतें उन्होंने मतदान केंद्रों की व्यवस्था स्ट्रांग रूम मतदान दलों की रवानगी प्लान सुरक्षा व्यवस्था एफएसटी एसएसटी शिकायत सेल डाक मतपत्र ईडीसी निर्वाचक नामावली सी-विजिल सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों व क्रियान्वयन की जानकारी ली बैठक में वीडियो निगरानी टीम वी0एस0टी0 वीडियो अवलोकन टीम लेखा टीम सहायक व्यय प्रेक्षक सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए माननीय प्रेक्षकों द्वारा सम्बंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए उन्होंने निर्वाचन प्रबंधन की सभी तैयारियां सहित ईवीएम वीवीपैट मशीनों के संधारण विधानसभावार मतदान सामग्रियों की वितरण व्यवस्था मतदान सामग्री की वापसी की व्यवस्थाओं सम्बंधी अब तक की गई कार्ययोजना की जानकारी ली माननीय प्रेक्षकों ने शेष रह गई सभी कमी बेसी तैयारियों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा मा0 प्रेक्षकगणों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन प्रबंधन के अंतर्गत अब तक की गई सभी तैयारी की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा आश्वस्त किया गया कि उनके निर्देशों के अनुरूप मा0 निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सभी निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाएगा पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुलिस प्रशासन द्वारा निर्वाचन के लिए की गई सुरक्षा कानून व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी मा0 प्रेक्षकगणों को दी इस अवसर पर मा0 प्रेक्षक सामान्य 4-बिजनौर राहुल जैन जी मा0 प्रेक्षक सामान्य 5-नगीना पंकज अग्रवाल जी मा0 प्रेक्षक सामान्य कुमार राहुल एवं मा0 प्रेक्षक व्यय संदीप गुहा सतीश सिठोले व मा0 प्रेक्षक पुलिस रंजन कुमार शर्मा मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह सहित सभी प्रभारी एवं प्रभारी निर्वाचन उपस्थित रहे

# सहारनपुर में बसपा प्रत्याशी को लगा बड़ा झटका, पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू भाजपा मे हुए शामिल

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**सहारनपुर। काजी शाहिद अहमद**

बसपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू बसपा को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए। रविंद्र मोल्हू ने काफी संख्या में अपने समर्थकों के साथ सहारनपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष पुनिता त्यागी, सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह, विधायक राजीव गुम्बर और विधायक देवेंद्र निम ने पार्टी में शामिल होने पर रविन्द्र मोल्हू को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है की बसपा प्रत्याशी माजिद अली को बसपा से टिकट दिलाने में रविंद्र मोल्हू ने महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई थी। तथा अब चुनाव से पूर्व ही उनके भाजपा में शामिल होने को बसपा पार्टी व बसपा प्रत्याशी माजिद अली के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। माना जा रहा है की बसपा सुप्रीमो मायावती की चुनावी रैली के बाद भी बसपा प्रत्याशी माजिद अली लगातार पिछड़ते जा रहे हैं।

### चुनाव में वाहन ना देने वाले एक दर्जन वाहन स्वामियों के खिलाफ एआरटीओ ने की कार्यवाही !अन्य वाहन स्वामियों को भी दी चेतावनी

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन दिन रात मेहनत करके लगा हुआ हैं और एआरटीओ प्रशासन अजय मिश्रा व एआरटीओ सुशील मिश्रा भी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वाहन स्वामियों को वाहन-बस आदि का अधिग्रहण के लिए पहले ही नोटिस भेज चुके है और वाहन स्वामियों को नोटिस मिलने के बाद भी गाड़ी लेकर नहीं पहुंचने वालों पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी भी दे चुके हैं और आज एआरटीओ सुशील मिश्रा ने करीब एक दर्जन वाहन स्वामियों पर कार्यवाही भी की हैं और अन्य वाहन स्वामियों को चेतावनी देते हए कहा कि वह अपने वाहन को दी गई जगह पहुंचाएं नही तो अन्य के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उलेखनीय हैं कि सन 2024 लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के कार्य में लगे सुरक्षाबलों, उड़न दस्ता और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हल्के और भारी सभी प्रकार के वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। वाहन मालिकों को नोटिस के माध्यम से इसकी सूचना भी पहले से दी जा चुकी है। इसके बाद भी कुछ लोग वाहनों को निर्धारित तिथि पर विभाग को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं।एआरटीओ सुशील मिश्रा ने बताया कि करीब एक दर्जन वाहन मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई हैं।

# जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने पार्टी रवाना स्थल एवं स्ट्रांग रुम मण्डी समिति का निरीक्षण कर निर्वाचन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर पहले सें सभी व्यवस्थायें पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को पर्याप्त मात्रा में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम के चारों ओर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने एवं स्ट्रांग रूम गेट के बाहर सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश दियें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में लगने वाले वाहनों को व्यवस्थित रुप से खडा करने के निर्देश दिये और पोलिंग सामग्री वितरण के लिए लगाये गये टेन्ट का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही मौसम परिवर्तन बरसात इत्यादि से चुनाव सामग्री की बचाव के लिए की गयी व्यवस्था के बारे में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, सिटी मजिस्टेज्ट किंशुक श्रीवास्तव, एसपी सिटी, जिला पूर्ति अधिकारी, ए0आर0टी0ओ0, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# डैफोडिल्स ,करकेंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण समारोह

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस बचपन एवं डैफोडिल्स एकाडेमी में धूमधाम से पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली, थाना प्रभारी ,पुटकी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात किया गया। विधालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी, मुख्य अतिथि को माला पहनाकर एवं श्वास भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधालय छात्र-छात्राओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सत्र 2023-2024 में वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रत्येक वर्ग में सबसे ज्यादा उपस्थिति रहने वाले प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय छात्र-छात्राओ को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली ने विधालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी, शिक्षक- शिक्षिकाओ की




भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद दिए। छात्र-छात्राओ को उनके कर -कमलो द्वारा पुरस्कार दिया गया। उन्होने शिक्षा पर अपना विचार व्यक्त किए जो काफी प्रशंसनीय था। उन्होने सुरक्षा सबंधित हर प्रकार की सहयोग करने का बात कहा। मंच का संचालन विधालय शिक्षक देवाशीष मुखर्जी एवं प्रमोद सिन्हा कर रहे थे। इस अवसर पर सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले तीन शिक्षको मे देवश्री नाहा, श्वासत रंजन कर एवं अनिल सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्राचार्य, श्री बनर्जी विधालय संस्थापक स्वर्गीय चंडी चरण बनर्जी, भूतपूर्व, गणित शिक्षक, पुटकी उच्च विद्यालय, पुटकी को याद किए एवं छात्र-छात्राओ का उज्वल भविष्य की कामना किए। उन्होने इस अवसर पर यह घोषणा किए कि इस सत्र में विधालय में नामांकन लेनेवाले छात्र-छात्राओ की नामांकन शुल्क में विषेश छुट दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय शिक्षक-शिक्षिकाओ में देवाशीष मुखर्जी, प्रमोद सिन्हा, चंदन पासवान, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा,अनिल सिंह, एस.आर कर, कविता दत्ता, झूमा दत्ता, संजय दत्ता, उषा, शशि गुप्ता, करुणा चंदा, डोली सिंह, सहर, आरजु, शिल्पा, ईकवाल, रंजीत घोष, अरिंदम,बनमाली , सुमन सिंह, उमेश मिश्रा, प्रिती आदि का योगदान सराहनीय रहा। अंत मे विधालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह के समापन की घोषणा की।

# मदरसों के लाइसेंस रद्द करने पर सीएम योगी का आभार जताने का प्रत्याशी के भाई का ट्वीट वायरल होने के बाद सहारनपुर बसपा प्रत्याशी की बढ़ी मुश्किलें

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**सहारनपुर।** काजी शाहिद अहमद

सहारनपुर लोकसभा सीट पर बसपा से चुनाव लड़ रहे माजिद अली के भाई का एक ट्वीट सोशलमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे मदरसों के लाइसेंस रद्द करने पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जता रहे हैं। इसके बाद बसपा प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ गई हैं।




लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण 19 अप्रैल को सहारनपुर लोकसभा सीट पर भी चुनाव होना है, जहां से बसपा प्रत्याशी के रूप में माजिद अली चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि कांग्रेस व सपा के संयुक्त प्रत्याशी इमरान मसूद हैं और भाजपा ने राघव लखनपाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। बसपा प्रत्याशी माजिद अली के भाई का एक ट्वीट आजकल सोशलमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमे वे प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी और गृहमंत्री अमित शाह से कह रहे हैं की भारत के तमाम मदरसों को बंद कर देना चाहिए। उनके नाम से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ट्वीट में लिखा है की यहा के मदरसे लाखों मुस्लिम बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, मैं यूपी के सभी मदरसों का लाइसेंस रद्द करने के लिये योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद करता हूँ। अब मुस्लिम बच्चे मुल्ला मौलवी बनने के बजाए जीवन मे कुछ कर पाएंगे। इसके बाद बसपा प्रत्याशी पर विपक्षी नेताओं ने चुनावी हमले तेज कर दिए हैं, कांग्रेस व सपा के संयुक्त प्रत्याशी इमरान मसूद ने भी सोशलमीडिया पर लाईव आकर इस ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। तो वहीं जनता में खास तौर से मुस्लिम समाज में भी ये ट्वीट चर्चा का विषय बना हुआ है जिससे साफतौर पर जाहिर है की बसपा प्रत्याशी माजिद अली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दैनिक समाचार पत्र मीडिया फॉर यू वायरल हो रहे इस ट्वीट की पुष्टि नहीं करता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेज्टों के साथ बैठक आयोजित

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पंचायत भवन सभागार में जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगे जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेज्टों के साथ बैठक आहुत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यो को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें और निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कार्यो को संपादित करें। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवाना होने से जमा होने तक सेक्टर मजिस्टेज्टों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त सेक्टर मजिस्टेज्ट बैठक में बताये गये प्रोटोकाल का शत प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर



ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, ज्वाइंट मजिस्टेज्ट सुनील धनवंता, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कांठ, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा, ए0सी0एम0 द्वितीय, अपर उप जिलाधिकारी सहित सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेज्ट उपस्थित रहें।

17 APRIL 2024 M4U:Layout 1 17-Apr-24 7:58 AM Page 4



# संक्षिप्त समाचार

## थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति" कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जागरूक



**मीडिया फॉर यू ब्यूरो, मथुराः जितेंद्र शर्मा**

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में आज दिनांक 16 अप्रैल "ऑपरेशन जागृति" अभियान के तहत थाना रिफाइनरी पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया गया । ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोर/किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना । समुदाय को झूठे मुकदमों से होंने वाली क्षति के बारे में जागरूक करना व ऐसे मामलों में कमी लाना । विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना ।

## सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौत एक गंभीर घायल



**मीडिया फॉर यू ब्यूरो, मथुराः जितेंद्र शर्मा**

मथुरा गोवर्धन रोड पर उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया, जब एक बाइक पर सवार दो युवक व एक किशोर के साथ सरसों की पिलाई कराने के लिए अड़ींग बाजार जा रहे थे। बाइक सवार युवकों को मथुरा गोवर्धन मार्ग पर अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में राहुल और लक्ष्य निवासीगण पाली ब्रह्माणन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपाल को गंभीर हालात में उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है । युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घटना की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुँच गयी साथ ही खबर लिखें जाने तक परिवारीजन शवों का पोस्टमार्टम कराने से मना करते नजर आये

## वी बाजार उतरौला मॉल प्रकरण में कोतवाल उतरौला की तरफ से 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज


**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** वी बाजार मॉल मे तोड़फोड़ व ईट पत्थर चलाने वाले उपद्रवियों को लेकर जो प्रकरण चल रहा था। कोतवाल उतरौला की तरफ से 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज। जिसका विवरण इस प्रकार है एफ आई आर संख्या 0074 में भा द वी सा, 143, 504, 506, 188,341,336,427,7 आपराधिक कानून 1932 के तहत केस दर्ज करके ऊपर उपद्रवियों की तलाश की जा रही है। ताकि इन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की। कि कोई भी आपत्तिजनक वस्तु कहीं भी चाहे मॉल हो या दुकान हो कहीं पर भी बिकती हो तो इसकी सूचना तत्काल अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जरूर दें। और अपने जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो सके।

## कांग्रेस ने बनाया अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा उम्मीदवार

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**





AICC PRESS RELEASE

LOK SABHA ELECTIONS - 2024

The candidates selected by the Central Election Committee for the ensuing elections to the Lok Sabha from Jharkhand

| Sl. No. | No & Names of Constituencies | | Selected Candidates |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | Godda | Smt. Deepika Pandey Singh |
| 2 | 4 | Chatra | Shri Krishna Nand Tripathi |
| 3 | 7 | Dhanbad | Smt. Anupama Singh |

For favour of Publication.

(K.C. VENUGOPAL)
General Secretary, AICC
16th April, 2024

पार्टी आलाकमान ने की घोषणा बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी हैं अनुपमा झारखंड की तीन तीन लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है. धनबाद से अनुपमा सिंह चतरा से के एन त्रिपाठी. गोड्डा दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया है. अभी भी रांची सीट का इंतजार है

## सिद्धपीठ माता काली मंदिर चैत्र नवरात्रि "अष्टमी" के अवसर पर वार्डन्स की ड्यूटियां लगाई गई



**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दो दिवसीय विशेष कैम्प लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर चैत्र नवरात्रि "अष्टमी" के अवसर पर आयोजन नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के द्वारा किया गया। अपरजिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह जी के द्वारा वार्डन्स की ड्यूटियां मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए लगाई गईं थीं। आज अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह के द्वारा कैम्प का उद्घघाटन किया।उपनियंत्रत जय राज तोमर जी के संरक्षण में आज वार्डन्स ड्यूटी कर रहे हैं। जिसमें खोये पाये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाना,साथ ही पानी की कैम्प में व्यवस्था करना,और शांति व्यवस्था में सहयोग करना ही मुख्य उद्देश्य है।मंदिर के चारों ओर वार्डन्स पीली ड्रेस में ड्यूटी को अंजाम देते रहे।उपनियंत्रक जय राज तोमर,सहायक उपनियंतक सतीश कुमार,प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता,स्टाफ अधिकारी चक्रेश लोहिया,स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता,आई0सी0ओ0 तिलक राज सिक्का, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति,शाकिर हुसैन, विपुल कुमार अग्रवाल,सूरज प्रकाश ,संजय कुमार गुप्ता,अनिल रस्तौगी,कमल कुमार कश्यप, नीतू सक्सेना,अनामिका गुप्ता, शवाना परवीन,तुषार अग्रवाल,मनोहर लाल,संजीव खन्ना विजेश शर्मा,हरध्यान सिंह,राहुल प्रजापति,आदि सहयोग दे रहे हैं।

# वाराणसी से किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी नहीं लड़ेंगी चुनावः स्वामी चक्रपाणि जी महाराज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान में सभी पार्टियों को अपने प्रत्याशी को वापस लेना चाहिए

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**मथुराः जितेंद्र शर्मा**

अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने वाराणसी सीट से अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रत्याशी किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी को लड़ाने के निर्णय को वापस लेते हुए कहा कि यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान में एक कदम है कि उन्होंने कहा कि मुझे याद है जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री पीवी नरसिंग राव दक्षिण भारत में चुनाव लोकसभा का लड़े थे उस समय उनके सम्मान में सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशीयो को वापस ले लिया था। जिसके परिणाम स्वरूप नरसिम्हा राव जी निर्विरोध चुने गए थे आपसी वैचारिक मतभेद के



बाद भी इस तरह के निर्णय यह एक लोकतंत्र का सम्मान है इसलिए मेरा मानना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिनके रहते धारा 370 समाप्त हुई। श्री राम मंदिर बना तो यह हम सबका कर्तव्य है कि सभी राजनीतिक पार्टियों को वैचारिक मतभेद होते हुए भी अपने प्रत्याशी को वापस लेना चाहिए। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि श्री राम मंदिर मामले में हम मुख्य पक्षकार थे लेकिन हमें राम मंदिर ट्रस्ट में नहीं रखा गया ना ही निमंत्रण दिया गया हमें बहुत अपार कष्ट हुआ। लेकिन उसके बावजूद भी जब बात व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान की आती है तो यह हम सब शिकायतें बहुत छोटी हो जाती है। हमारा कर्तव्य है कि छोटी-मोटी बातों को भूलकर बिना शर्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का साथ दे और समर्थन करें।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**मथुराः जितेंद्र शर्मा**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जैंत के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बडी आटस के चामड़ माता मन्दिर के पीछे सड़क से करीब 200 मीटर दूर जंगल में बनी कोठरी चौकी आझई थाना जैत जिला मथुरा के पास से अभियुक्तगण 1. मनीष उर्फ मानवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी मइ पूरना थाना इगलास जिला अलीगढ हाल



निवासी ग्राम कोटा थाना जैत जनपद मथुरा व 2.कमल उर्फ गुल्ला पुत्र पप्पू निवासी जयसिंहपुरा गणेश टीला कमोली वाली धर्मशाला थाना गोविन्दनगर मथुरा को आज दिनांक 16 अप्रैल को 12 अवैध निर्मित तमंचा व 1 इकनाली बन्दूक एवं 23 जिंदा कारतूस व 8 खोखा कारतूस एवं अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणो के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण का एक साथी अकरम पुत्र खिल्लू निवासी गोंदा आटस थाना जैत जनपद मथुरा मौंके से भाग गया । इस सम्बन्ध में थाना जैंत पर अभियोग पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही की जा रही हैं अभियुक्तगण उपरोक्त नें पूछने पर बताया कि साहब हम दोनो लोग व मेरा एक साथी अकरम पुत्र खिल्लू निवासी गोंदा आटस थाना जैंत जनपद मथुरा सभी लोग एक साथ मिलकर नये तमंचे बनाने व खराब तमंचों की मरम्मत करते हैं । शस्त्र बेचने का काम अकरम पुत्र खिल्लू करता है और अकरम ही हम लोगो को हिस्से के पैसे देता है जिससे हम अपने परिवार का खर्चा चलाते हैं । हम इस जंगल मे जगह बदल - बदल कर कई दिनो से देर रात में तमंचे बनाने की फैक्टरी चला रहे थे । लोकसभा चुनाव के कारण तमन्चो की मांग अधिक बढ़ गयी जिसकी सप्लाई हेतु हम लोग बना रहे थें ।

## राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने भिटरिया में विवेकानंद लाइब्रेरी का फीता काटकर किया उद्घाटन



**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली**

**बाराबंकी :** रामसनेहीघाट राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने भिटरिया में विवेकानंद लाइब्रेरी का फीता काटकर किया उद्घाटन इस मौके पर भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा भाजपा नेता मधुकर तिवारी आशीष मिश्रा हिमांशु सिंह सत्येंद्र प्रताप सिंह उदय सिंह बृजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे लाइब्रेरी के प्रबंधक विनय सिंह ने आए हुए अतिथियों का किया स्वागत।

# दूरसंचार विभाग यानी बीएसएनल मोबाइल व टेलीफोन का नेटवर्क उतरौला में एकदम ध्वस्त

**मीडिया फॉर यू ब्यूरो**

**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** दूरसंचार विभाग यानी बीएसएनल उतरौला में जिनके- जिनके पास अभी भी बीएसएनल मोबाइल नंबर है। उनके मोबाइल नंबर व ब्रॉडबैंड या टेलीफोन में कई कई दिन नेटवर्क ना होने के कारण ना तो बैंकिंग का काम हो पाता है और ना ही इंटरनेट यूज हो पाता है। जिनका बीएसएनल नंबर बैंक खाते में एक्टिवेट है। ना उनको मैसेज मिलता है और ना ओटीपी। नेटवर्क के लिए कई- कई दिन इंतजार करना पड़ता है। एक जमाना था की बीएसएनल सिम व टेलीफोन कनेक्शन लेने के लिए कई- कई महीने इंतजार करना पड़ता था। और आज का दौर है की बीएसएनल से स्पेक्ट्रम सारी कंपनियां लेकर अपना नेटवर्क चलाती हैं। और यहां है कि नेटवर्क हफ्तों- हफ्तों नहीं रहता है। मेरे मोबाइल पर खुद कई




कई दिन नेटवर्क नहीं रहता है। और मेरा ब्रॉडबैंड भी बीएसएनल महीनों से बंद पड़ा है। जबकि बिल हर महीने पे करना पड़ता है। अब इस विभाग से लोगों का मोह भंग हो रहा है। और उपभोक्ता अपना नंबर अन्य कंपनियों में पोर्ट करवा रहे हैं। कब तक कोई नेटवर्क आने का इंतजार करेगा।सरकार को इस सरकारी संस्था व इसके कर्मचारियों वह बीएसएनएल के उपभोक्ताओं पर गंभीरता से विचार करके फिर से जनता का विश्वास हासिल करना चाहिए। बीएसएनल टेलीफोन व मोबाइल उपभोक्ताओं की सबसे पहली पसंद है। लेकिन अब लोगों का मोह भंग हो रहा है जिससे प्राइवेट कंपनियों की मौज हो रही है।

# पत्रकार प्रेस महासंघ ने देवी मंदिर पर निशुल्क शिकंजी का स्टॉल लगाया

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर देवी मंदिर पर हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चेतीआठे का मेला लगा मेले में काफी श्रद्धालुओं की भीड़ थी वहां पर पत्रकार प्रेस महासंघ और बजरंग दल ने मिलकर मेले में श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए हिन्दू मुस्लिम एकता को बरकरार रखते हुए पत्रकारो और बजरंग दल के सभी कार्यकताओं ने एक साथ मिलकर मेले में निशुल्क शिकंजी का स्टॉल लगाकर वहां पर सभी श्रद्धालुओ को निशुल्क शिकंजी पिला कर धर्म लाभ उठाया मेंले मे बाहर से आए सभी श्रद्धालुओं ने शिकंजी पीकर अपनी प्यास बुझाई पत्रकार प्रेस महासंघ ने पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर शिकंजी का स्टॉल लगाया था और इस वर्ष भी पत्रकारों ने अपना शिकंजी का स्टॉल लगाया और मेले में



आने वाले सभी लोगों को शिकंजी पिला कर धर्म लाभ उठाया इस मौके पर पत्रकार प्रेस महासंघ के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन सैफी नगर उपाध्यक्ष अतीक अहमद मोहम्मद अजमल बन्ने अली भुवन राजपूत इरफान अंसारी राजीव अग्रवाल मुनेश चंद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे

# बी पी एन इंटरनेशनल एकेडमी मनाया गया श्री राम नवमी का त्योहार

**मीडिया फॉर यू**

**बाराबंकीः अशरफ अली**

**बाराबंकी रामनगर/** बी पी एन इंटरनेशनल एकेडमी महादेवा मार्ग रामनगर में आयोजित श्री रामनवमी का त्यौहार छात्र-छात्राओं द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष महंत बोधायन दास मैनेजर अभिषेकानंद दास, डायरेक्टर जगन्नाथ दास और प्रिंसिपल प्रीति तिवारी ने भगवान श्री राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया ' तदोपरांत निवेदिता वाजपेई ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए श्री राम भगवान की सबसे सुंदर झांकी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत



की! जिसमें राम के रूप में सार्थक पाण्डेय, लक्ष्मण के रूप में अभय, भरत के रूप में शिवांश ,शत्रुघ्न के रूप में आयुष हनुमान के रूप में रामेंद्र और सीता माता के रूप में आराध्या सिंह रही' राम आयेंगे पर बच्चों के डांस की सभी लोगो ने सराहना की और आशीर्वाद दिया! कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान का वितरण भी किया गया!इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति तिवारी ने कहा कि बी पी एन ग्रुप आपके क्षेत्र में ब्रांड बनकर उभर रहा है जिसमें सी बी एस ई बोर्ड इंग्लिश मीडियम के साथ साथ, बीए, बीएससी, डीफार्मा और आईटीआई के प्रवेश भी प्रारम्भ हैं! इस अवसर पर कृष्णमोहन मिश्रा, हरीश मिश्रा, शोभित मिश्रा, पंकज यादव, औशाफ अली, ऋतु, सीमा सिंह, अनुष्का मिश्रा,गुलशन जहाँ,राजन थापा, सागर साडा, प्रिया, सूरज,हेमा, तरुन, डी एन वर्मा,सत्येंद्र अवस्थी,अनिल वर्मा, कीर्ति श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, रेनू, वासू,सूरज, जितेंद्र गोस्वामी, आरती पाण्डेय, सुनील दत्त पाण्डेय, उत्तम पांडे एवं समस्त बी ए, बी एस सी और डी फार्मा, और आई टी आई का स्टाफ मौजूद रहा '

# अज्ञात करण से लगी आग में चार किसानों के 10 बीघा फसल जलकर हुई राख

**मीडिया फॉर यू**

**बाराबंकीः अशरफ अली**

**बाराबंकी टिकैतनगरः**अज्ञात कारणों से लगी आग में एक गांव के चार किसानों की लगभग 10 बीघे गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। दमकल कर्मी व गांवों के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब फसल जलकर राख हो चुकी थी।

मंगलवार को थाना क्षेत्र टिकैतनगर के ग्राम सराय दुनौली के चार किसानों के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोगों को खेत में लगी फसल जलने की जानकारी होती तब तक आग हवा के साथ लपटें भी तेजी से एक के बाद दूसरे खेत की और बढ़ने लगीं।



खेतों में आग लगने की सूचना से पूरे गांव में हाहाकार मच गया पूरा गांव आग बुझाने में जुटा लेकिन आग की तेज लपटों के सामने किसी की एक ना चली । आग लगने की सूचना राहगीरों ने शोर मचाते हुए दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने झाड़ियों से पीट पीट कर किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की। घंटों के प्रयास के बाद आग शांत हुई । सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। यहां पर चार किसानों की दस बीघा फसल जलकर राख हुई ।

आग पर काबू पाए जाने तक विक्रम सिंह, राघवेंद्र सिंह,सत्यदेव सिंह, छोटू सिंह के खेतों में लगी गेहूं की फसल जल चुकी थी। मौके पर हल्का लेखपाल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार सिरौली गौसपुर दिनेश पांडे ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंपी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता